सांवरी सूरत मोहनी मूरत नैन रसीले हो

सांवरी सूरत मोहनी मूरत नैन रसीले हो,
मेरे मन मोहना मेरे मन मोहना,

करू क्या यत्न मैं का से कहु ,
माने न मन मोरा कैसे रहु,
हर पल तेरी याद सताये निश दिन नींद न चैना,
मेरे मन मोहना मेरे मन मोहना,

मधुर मधुर जब भाजे मुरलियाँ,
सुध बुध खोई मैं कुछ न खबरियां,
मेरे दिल पर ओ सांवरियां कर दियां जादू टोना,
मेरे मन मोहना मेरे मन मोहना,

देखि देखि प्रिये रूप सलोना,
प्रेम मुदित हे मन मोहना,
अपने ही रंग में रंगदे मुझको आये दूजा रंग ना,
मेरे मन मोहना मेरे मन मोहना,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14019/title/sanwari-surat-mohani-murat-nain-raseele-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |